वित्त मंत्रालय

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने ऑपरेशन 'रेनबो' के तहत दिल्ली में लगभग 40 करोड़ रुपए मूल्य का 9 किलोग्राम कोकीन, हशीश और एमडीएमए जब्त किया

प्रविष्टि तिथि: 26 AUG 2025 8:43PM by PIB Delhi

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने नशीले पदार्थों की तस्करी और वितरण गिरोहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 'रेनबो' ऑपरेशन के तहत बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए हैं।

डीआरआई, नई दिल्ली के अधिकारियों को खुफिया सूचना मिली थी कि कोकीन जेसै नशीले पदार्थों को कम मात्रा में सॉफ्ट टॉयज में छिपाकर घरेलू कूरियर नेटवर्क के जरिए तस्करी की जा रही थी। इस सूचना के आधार पर नई दिल्ली के महरौली स्थित कई परिसरों में समन्वित तलाशी अभियान चलाया गया जिसमें 3095.5 ग्राम कोकीन, 4421 ग्राम हशीश, टैबलेट के रूप में 1305.5 ग्राम एमडीएमए और 46 ग्राम एम्फेटामाइन बरामद किया गया।

जब्त नशीली पदार्थों की मात्रा लगभग 9 किलोग्राम है और अंतरराष्ट्रीय अवैध बाज़ार में इसकी कीमत लगभग 40 करोड़ रुपए आंकी गई है। इन्हें गोलियों/छोटे पाउच के रूप में वितरण के लिए तैयार रखा गया था।

इस अभियान में अब तक, एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दिल्ली में रहने वाले विदेशी नागरिकों के माध्यम से संचालित एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह नशीले पदार्थों को छिपाने, तस्करी और वितरण के लिए कूरियर नेटवर्क का उपयोग करता है।

इस मामले की जांच जारी है। यह कार्रवाई देश में मादक पदार्थों के खतरे से निपटने में डीआरआई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

****

पीके/केसी/बीयू/जीआरएस

(रिलीज़ आईडी: 2161118) आगंतुक पटल : 69

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Bengali , Malayalam